हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 2 जनवरी 2026

04 साइबर क्राइम के प्रति जागरुक किया, बचाव...



07 कहीं जश्न मनाकर तो कहीं सेवाभाव से किया नए...





**खबर संक्षेप**

### पत्रिकाओं और पुस्तकों के पाठन की सुविधा का शुभारंभ किया

**सागर।** अब पाठकों को अखबारों के साथ साथ प्रतियोगी परीक्षा की पत्रिकाएं, राजनैतिक एवं साहित्यिक पत्रिकाएँ पढने मिलेगी। संस्था के अध्यक्ष के के सिलाकारी वरिष्ठ अधिवक्ता, सचिव शुकदेव प्रसाद तिवारी, कोषाध्यक्ष आर एस यादव, उपाध्यक्ष जीएल छत्रसाल की उपस्थिति में मां सरस्वती के पूजन अर्चना के बाद शुभारंभ हुआ। वर्तमान में युवाओं का पुस्तकों के प्रति रुझान कम हो रहा है, मोबाइल ने पुस्तकों के प्रति रूचि कम की है । ट्रस्ट ने यह कदम इसलिए उठाया की युवाओं का रुझान पुन पुस्तकों के प्रति बने, पुस्तकों का अध्ययन बहुत जरूरी है उन्होंने कहां कि डॉ अम्बेडकर का यह वाक्य हमेशा स्मरण में आता है की विद्या शेरनी के दूध के समान है जो पियेगा वह दहाडेगा। यह विचार संस्था के सचिव एवं पूर्व शिक्षक प शुकदेव प्रसाद तिवारी ने व्यक्त किये। उन्होंने आशा की है कि लोग इस सुविधा का लाभ उठाये। इस अवसर पर हरी चौबे, राजू नामदेव, साजिद खान, पियुष कोष्ठी, रामदीन, सौरभ वाल्मीकि, रमेश सैनी, सहित लोग उपस्थित हुए

### सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु किया जाएगा सड़क सुरक्षा मित्र का चयन

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने अभिनव पहल करते हुए सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु जिले की प्रत्येक ग्राम/वार्ड में सभाओं का आयोजन 2 जनवरी को किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सागर, आयुक्त, नगर पालिक निगम सागर, अनुविभागीय अधिकारी (समस्त) जिला सागर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत जिला सागर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका/नगर परिषद जिला सागर को निर्देश दिए कि सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु प्रत्येक ग्राम/वार्ड से दो-दो सड़क सुरक्षा मित्र का चयन किया जाएगा। चयनित सड़क सुरक्षा मित्रों को सड़क सुरक्षा हेतु प्रशिक्षित किया जावेगा तथा श्रेष्ठ कार्य करने पर उन्हें पुरूष्कृत किया जावेगा। सड़क सुरक्षा मित्र हेतु पात्र युवा ग्राम/वार्ड का स्थाई निवासी हो, 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो, कम से कम 12 वीं कक्षा उत्तीर्ण की हो, कभी यातायात नियमों के उल्लंघन का कोई चालान न बना हो, सड़क सुरक्षा के कार्यकमों में भाग लेने के लिए तत्पर हो।

### किसान, गोबर और गो-मूत्र से खाद बनाएं

**सागर।** किसान भाई सदियों से गोबर से खाद बनाता आया है। कृषि विभाग के अधिकारी प्राकृतिक संसाधनों से जैविक खाद का अपयोग करने की सलाह लगातार दे रहे है अब किसान जान गए है और अब कई किसानों ने गौ-मूत्र और गोबर, पत्तों से खाद बना कर खेतों में उपयोग किया जा सकता है। हम सभी को प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने में अपनी भूमिका निभानी होगी। प्राकृतिक खेती हम सभी के लिये लाभदायक है। मध्यप्रदेश के किसान प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। कई किसानों ने अपने खेत में प्राकृतिक खेती प्रारंभ की है। वे गोबर, गौ-मूत्र, मिट्टी, पत्ते, वनस्पति से जीवामृत बना रहे हैं। प्राकृतिक संसाधनों से खाद बनाने में लागत भी कम आती है और फसल में पैदावार भी अच्छी होती है। प्रदेश में प्राकृतिक उत्पाद की मांग बढ़ी है।

### आयुष्मान कार्ड से निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज की सुविधा

**सागर।** राज्य शासन द्वारा प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना संचालित की जा रहीं है। जन आरोग्य योजना का लाभ लेकर अनेक लोग अब निजी अस्पतालों में अपना मुफ्त इलाज करा रहे है। पैसों के अभाव में निजी अस्पतालों में अपना इलाज नही करा पाने वाले हितग्राहियों के लिए आयुष्मान कार्ड वरदान साबित हुआ है।

**कोर्ट द्वारा दोष मुक्त प्रकरणों में राहत राशि वसूलने के दिए गए निर्णय का पालन सुनिश्चित करें**

## आकस्मिकता योजना अत्याचार निवारण अंतर्गत राहत राशि का वितरण संवेदनशीलता के साथ त्वरित रूप से किया जाएः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कोर्ट द्वारा दोष मुक्त प्रकरणों में राहत राशि वसूलने के दिए गए निर्णय का पालन सुनिश्चित करें एवं अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम अंतर्गत जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक कलेक्टर संदीप जी आर की अध्यक्षता मे आयोजित की गई जिसमें अधिनियम अंतर्गत कार्यों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर पर पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल, सहायक आयुक्त अनुसूचित जाति जनजाति सुधीर श्रीवास्तव, नरेंद्र अहिरवार सहित अन्य समिति के सदस्य मौजूद थे।



कलेक्टर संदीप जी आर ने निर्देश दिए गए कि राहत राशि का वितरण संवेदनशीलता के साथ त्वरित रूप से किया जाए। विभाग द्वारा राहत राशि के ऑनलाइन स्वीकृति की प्रणाली विकसित की गई है इसकी प्रारंभिक शुरुवात गोपालगंज थाने में दर्ज प्रकरण के माध्यम से किया जाए। आवंटन उपलब्ध कराने के लिए मुख्यालय को पत्र लिखा जाए। कोर्ट ने अधिनियम अंतर्गत जिन प्रकरणों में दोष मुक्त होने पर पूर्व में दी गई राहत राशि वापस लेने का निर्णय दिया है ऐसे प्रकरणों में राहत राशि की वसूली की कार्यवाही की जाए। कलेक्टर ने कहा कि जाति प्रमाण पत्र के अभाव में लंबित प्रकरणों के लिए संबंधित एसडीएम को सूची प्रदान कर उनके माध्यम से जाति प्रमाण पत्र को समय सीमा में बनवाया जाना सुनिश्चित किया जाए। समीक्षा बैठक में म.प्र. आकस्मिकता योजना अत्याचार निवारण अंतर्गत राहत राशि का विवरण, जिला कार्यालय में राहत के लंबित प्रकरणो की संख्या/ पुलिस मे लंबित प्रकरणो की संख्या, अनुसूचित जाति/ जनजाति अत्याचार निवारण अंतर्गत पुलिस में लंबित प्रकरणो, पुनर्वास अंतर्गत गवाहों को यात्रा भत्ता / भरण पोषण/मजदूरी क्षतिपूर्ति, अत्याचारण निवारण नियम 1995 के नियम 4 (2) के अंतर्गत जिला मजिस्ट्रेट/विशेष लोक अभियोजको के कार्यों की समीक्षा, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अधिनियम 1989 के अंतर्गत पुलिस द्वारा पंजीबद्ध और निपटाये गए, अत्याचार निवारण नियम 1989 के नियम 10 के पालन में विशेष अधिकारी की नियुक्ति, अपील योग्य प्रकरण, जिला स्तरीय सर्तकता एवं मानिटरिंग समिति बैठकों की जानकारी वर्ष 2025, अत्याचार निवारण नियम 1995 के नियम 7 के पालन में अधिनियम के अधीन किये गये अपराधो के अन्वेषण अधिकारियों की नियुक्ति पर चर्चा की गई।



### संगीत विभाग के गगन राज बने संगीत के सबसे कम उम्र के सहायक प्राध्यापक

**सागर।** डॉ. हरीसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय के संगीत विभाग के गगन राज ने मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) 2025 की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर सहायक प्राध्यापक के पद पर चयनित होकर इतिहास रच दिया है। वे हाल के वर्षों में इस पद पर चयनित होने वाले सबसे युवा अभ्यर्थियों में शामिल हैं। गगन राज की इस उपलब्धि पर उनके पिता थान सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस सफलता में परिवार के सहयोग के साथ-साथ गुरुओं का विशेष आशीर्वाद और मार्गदर्शन अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने इसे ईश्वर की कृपा और गुरुजनों की देन बताया। गगन राज के गुरु डॉ. राहुल स्वर्णकार ने उन्हें आशीर्वाद देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं और कहा कि यह सफलता उनके निरंतर परिश्रम और संगीत के प्रति समर्पण का परिणाम है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर वाई.एस. ठाकुर ने भी गगन राज को बधाई देते हुए उनके शैक्षणिक जीवन के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। संगीत विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अशोक अहिरवार ने इस उपलब्धि को विभाग के लिए गर्व का क्षण बताया। उन्होंने कहा कि गगन राज की सफलता से विभाग के प्रत्येक छात्र को प्रेरणा मिलेगी और यह आने वाली पीढ़ी के लिए एक मिसाल बनेगी। संगीत विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. अवधेश प्रताप सिंह तोमर ने कहा कि पिछले तीन वर्षों से इस विश्वविद्यालय के विद्यार्थी विभिन्न शासकीय परीक्षाओं में चयनित हो रहे हैं, जिससे विभाग निरंतर गौरवान्वित हो रहा है। इस अवसर पर संगीत विभाग के शैलेन्द्र राजपूत, आकाश जैन, तेजस पटेल, यश गोपाल श्रीवास्तव, स्तुति खम्पारिया, अनुकृति रावत और सत्यम नामदेव ने गगन राज को उनकी इस उल्लेखनीय सफलता पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## निगम कर्मचारियों को वेतन न मिलने पर कर्मचारी संघों का गांधीवादी तरीके से आंदोलन जारी

**चौथे दिन जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारियों को फूलमाला भेंट कर विरोध प्रदर्शन किया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



नगर निगम कर्मचारियों को वेतन सहित अन्य लंबित मांगों को लेकर नगर निगम कर्मचारी संघ द्वारा गांधीवादी तरीके से आंदोलन किया जा रहा है। आंदोलन के चौबे दिन निगम कार्यालय में जनप्रतिनिधियों एवंविभिन्नप्रशासनिक अधिकारियों को फूलमाला भेंटकर अपने उत्तरदायित्व को याद दिलाने के लिये विरोध प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव राजेश सिंह राजपूत, सईद उद्दीन कुरैशी, आनंद मंगल गुरु एवं कर्मचारी कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष हरेंद्र खटीक ने संयुक्त रूप से कहा कि आंदोलन के तहत सभी कर्मचारी एकत्रित होकर विभिन्न स्थानों पर शांतिपूर्ण एवं रचनात्मक गतिविधियों में शामिल होंगे इसी के तहत अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा गुरूवार को नगर निगम कार्यालय में सभी जनप्रतिनिधियों की अनुपस्थिति में उनके स्टाप को एवं प्रशासनिक अधिकारी उपायुक्त एस.एस.बघेल, सहायक आयुक्त तबस्सुम खान, सहायक यंत्री संजय तिवारी को पुष्पमाला भेंटकर विरोध प्रदर्शन किया गया। शुक्रवार को म.प्र.नगर निगम नगर पालिका कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष शईदउद्दीन कुरैशी के नेतृत्व में सायं 5 बजे से सभी कर्मचारी पीली कोठी वाले बाबा जी के दरबार में नगरीय विकास एवं आवास विभाग तथा नगर निगम सागर के अधिकारियों को सदबुध्दि प्रदान करने हेतु दुआ करने जायेंगे।

नगर निगम कर्मचारी संघ की प्रमुख मांगों में लंबित वेतन देने सहित अन्य कर्मचारियों की लंबित पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण करना, एनपीएस एवं जीपीएफ की राशि समय पर संबंधित खातों में जमा करना, प्रत्येक माह की 1 तारीख को वेतन भुगतान सुनिश्चित करना, कर्मचारियों का शीघ्र नियमितीकरण तथा लंबित एरियर्स का भुगतान एवं सेवानिवृत्त कर्मचारिय़ों की जमा राशि का भुगतान शामिल है। कर्मचारी संघ ने चेतावनी दी है कि जब तक सभी मांगें पूर्ण नहीं होतीं, आंदोलन निरंतर जारी रहेगा।

इस अवसर पर सेवानिवृत पेंशन एसोसियेशन के अध्यक्ष प्रहलाद रैकवार, बृजेश तिवारी, देवकुमार चौबे, कुलदीप बाल्मीकि, राजेन्द्र सनकत, रिजवान खान, रज्जन करोसिया, चंद्रविजय गौर, अभिषेक तिवारी, मनोज चौबे, मनोज तिवारी, मुन्नालाल रैकवार, रीतेश अग्रवाल, अनिल दुबे, अनुरुद्ध चाचोंदिया,, प्रसन्न तिवारी, मुरारी कटारे, संजय जैन, पूजा श्रीवास्तव, कामिनी रजक, जया श्रीवास्तव, सविता दुबे, राकेश रैकवार, अजय रैकवार, शकुंतला गोस्वामी, शारदा सेन, पुष्पेन्द्र जैन, सुरेश विश्वकर्मा, सुबोध सागर, सहित बड़ी संख्या में नगर निगम की सभी शाखाओं के कर्मचारी उपस्थित थे।

### सागर में पहली बार राज्य स्तरीय जूनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता

सागर। सागर शहर में पहली बार राज्य स्तरीय जूनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिला कबड्डी संघ की सचिव श्रीमती संगीता सिंह भदोरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रतियोगिता 06 जनवरी से 08 जनवरी तक खेल परिसर, सागर में आयोजित होगी। प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश की सभी 10 जोनों की टीमें भाग लेंगी, जिसमें लगभग 400 खिलाड़ी एवं ऑफिशियल शामिल रहेंगे। प्रतियोगिता के दौरान खेले जाने वाले मैचों में खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर चयन किया जाएगा। चयनित खिलाड़ी विजयवाड़ा, आंध्र प्रदेश में 15 जनवरी से 18 जनवरी 2025 तक आयोजित होने वाली 51वीं जूनियर राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप 2025 (बालक) में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### सहकारी समितियों का पंजीयन केवल ऑनलाइन

**सागर।** जिले में सहकारी समितियों का पंजीयन अब केवल ऑनलाइन प्रक्रिया द्वारा किया जाएगा। ऑनलाइन प्रक्रिया से समितियों का पंजीयन करवाने के लिए संबंधित व्यक्तियों को कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है। उपायुक्त सहकारिता ने बताया कि समितियों के पंजीयन के लिए विभागीय ऑनलाईन पोर्टल पर जाकर 21 व्यक्ति मिलकर सहकारी समिति का गठन कर सकते हैं। पोर्टल पर नवीन संस्था का आवेदन करने के लिए आवेदक उल्लेखित लिंक पर जाकर स्वयं एमपी ऑनलाईन नागरिक सुविधा केन्द्र के माध्यम से आवेदन कर सकता है। आवेदक को पोर्टल पर अपना लॉग इन क्रिएट करना होगा। लॉग इन क्रिएट करने के लिए आधार से लिंक मोबाईल नंबर प्रविष्टि कर ओटीपी सत्यापन होगा।

**नए साल पर स्वदेशी मेले में उमड़ा जनसैलाब, परिवारों ने लिया सांस्कृतिक और खरीदारी का आनंद**

## 12 समाजों द्वारा आरती, बच्चों की वेशभूषा, महाराष्ट्रीयन समाज द्वारा नृत्य की प्रस्तुति, रैंप वॉक, मलखंभ की प्रस्तुति व गरबा आयोजकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नववर्ष के अवसर पर शहर के पीटीसी ग्राउंड में आयोजित स्वदेशी मेले में लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा है। स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में स्वर्णिम भारतवर्ष फाउंडेशन के माध्यम से स्वदेशी मेला में दसवे दिन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रांत मेला प्रमुख नितिन पटैरिया, सांस्कृतिक प्रभारी सुष्मिता ठाकुर ने बताया कि मेले में गुरूवार को 12 समाजों द्वारा आरती की प्रस्तुति की जाएगी, बच्चों की विविध वेशभूषा की प्रस्तुति, महाराष्ट्रीयन समाज द्वारा नृत्य की प्रस्तुति, रैंप वॉक, मलखंभ की प्रस्तुति व गरबा आयोजकों का सम्मान एवं मराठी व्यंजन मेला रहेगा। आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी मीना ताई, अतिथि मेला सह संयोजक रिशांक तिवारी हैं।

स्वदेशी जागरण मंच के महाकौशल प्रांत संयोजक कपिल मलैया ने बताया कि मेला में महिलाओं ने स्वदेशी वस्त्र, हस्तशिल्प, आभूषण और घरेलू उपयोग की वस्तुओं की जमकर खरीदारी की, वहीं पुरुष वर्ग हथकरघा से बने कपड़े, आयुर्वेदिक उत्पादों और देशी उपकरणों की ओर आकर्षित नजर आया। बच्चों के लिए झूले, खेल-खिलौने और मनोरंजन के साधनों ने मेले को और भी जीवंत बना दिया।



मेला व्यवस्थापक विनय मलैया ने बताया कि कई परिवारों ने नए साल की शुरुआत स्वदेशी वस्तुओं की खरीद के साथ कर 'वोकल फॉर लोकल' का संदेश दिया।

मेला संयोजिका दीप्ति चंदेरिया ने कहा कि मंच से स्वदेशी अपनाने, स्थानीय कारीगरों को प्रोत्साहित करने और भारतीय संस्कृति के संरक्षण का संदेश दिया गया।

स्वदेशी जागरण मंच के विभाग विचार प्रमुख राजकुमार नामदेव, जिला संयोजक सौरभ रांधेलिया, विभाग प्रशिक्षक रविन्द्र ठाकुर, मीडिया प्रभारी अखिलेश समैया ने कहा कि मेला में नए साल पर परिवारों की सक्रिय भागीदारी यह दर्शाती है कि लोग अब स्वदेशी उत्पादों के महत्व को समझने लगे हैं।

#### आज के आयोजन

शहर, केंट, और मकरोनिया के पार्षदों द्वारा वार्ड सांस्कृतिक प्रतियोगिता, खो-खो, लोक रंगदर्पण कला केंद्र द्वारा झील महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा।





### नए वर्ष में गढ़ाकोटा में मनाया गया रक्त उत्सव

**गढ़ाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा नये वर्ष पर दान की परंपरा को निभाते हुए गढ़ाकोटा नगर के रक्तवीरों और रक्त वीरांगनाओं ने इस शुभ आगमन रक्तदान शिविर में रक्तदान किया। 1 जनवरी सुबह सदभावना रक्तदान सेवा समिति के संयोजन में बजाजी मैदान में नये वर्ष के शुभ आगमन रक्तदान आयोजित किया गया। जिसमें जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक टीम ने रक्त संग्रहण का कार्य किया, रक्त कोष प्रभारी डॉक्टर महेश जैन, ब्लड बैंक काउंसलर प्रीति जैन, लैब टेक्नीशियन प्रेरणा गोयल, सत्यम सोनी सहायक अनुरागी सहित लगभग 12 लोगों की टीम ने रक्त संग्रहण के कार्य को पूर्ण कराया। कार्यक्रम में दो पति-पत्नी जोड़े सहित अन्य मातृ शक्तियों एवं युवाओं ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में समिति संयोजक अमित सोनी सहित संतोष सेन, नमन गुप्ता, अवधेश हजारी, रिंकू,देवेंद्र राजपूत, कमल अहिरवार वरिष्ठ समाजसेवी प्रीताम्बर सोनी, मनोज राजपूत, मनोज पटेल, राहुल दुबे, रवि रैकवार, अकील खान आदि का सहयोग रहा।



### प्रधानमंत्री के 'खेलो इंडिया' से तैयार हो रही युवाओं की सशक्त पीढ़ी : अविराज सिंह

**सागर।** युवा नेता अविराज सिंह ने कहा कि भूपेन्द्र भैया ट्रॉफी केवल एक क्रिकेट प्रतियोगिता नहीं, बल्कि युवाओं की प्रतिभा को मंच देने का माध्यम है। पिछले 12 वर्षों में इस प्रतियोगिता से हजारों युवा जुड़े हैं और आज बुंदेली क्रिकेट को नई पहचान मिली है। इसी क्रम में भूपेन्द्र भैया ट्रॉफी 2026 का भव्य शुभारंभ बांदरी एवं खुरई के स्टेडियम मैदान में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर बड़ी संख्या में खिलाड़ी, खेलप्रेमी नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। अपने संबोधन में युवा नेता अविराज सिंह ने कहा कि इन 12 वर्षों में भूपेन्द्र भैया ट्रॉफी से लगभग 5000 से अधिक युवा खिलाड़ी जुड़ चुके हैं। यही कारण है कि आज बुंदेली क्रिकेट लीग में 26 विधानसभा क्षेत्रों की टीमें भाग ले रही हैं और खुरई विधानसभा की टीम ने उस लीग में प्रथम स्थान प्राप्त कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया। उन्होंने कहा कि 12 वर्ष पूर्व खुरई विधानसभा में न तो स्टेडियम था, न इंडोर स्टेडियम, न लाइब्रेरी, न जिम, न वाटर स्पोर्ट्स और न ही बैडमिंटन कोर्ट जैसी सुविधाएं थीं। आज उसी विधानसभा में 18 करोड़ रुपये की लागत से वर्ल्ड लेवल स्टेडियम और इंटरनेशनल लेवल वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनकर तैयार होने जा रहा है। अविराज सिंह ने कहा कि विकास के लिए लगन, परिश्रम और विकासशील सोच की आवश्यकता होती है। भूपेन्द्र भैया ने यह सिद्ध कर दिखाया है कि किसी विधानसभा को कैसे आदर्श विधानसभा बनाया जा सकता है। आज खुरई विधानसभा में 24 पार्क हैं, जबकि 12 वर्ष पहले एक भी पार्क नहीं था। कार्यक्रम के दौरान अविराज सिंह ने नगर पालिका खुरई की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि वर्ष 2024 स्वच्छता सर्वेक्षण में खुरई नगर पालिका ने देशभर में सातवां स्थान एवं 50 हजार से अधिक जनसंख्या वर्ग में प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। इसके परिणामस्वरूप नगर पालिका को 3-स्टार रैंकिंग मिली और शासन द्वारा 32 लाख रुपये की लागत का नवीन फायर वाहन उपलब्ध कराया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'खेलो इंडिया' और सांसद खेल महोत्सव जैसे प्रयासों से आज युवा खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। साथ ही देश का युवा राजनीति में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है, जो राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है।



### श्रीराम चौक पर पेशाब घर का निर्माण करवाने वाले उपयंत्री को बर्खास्त करने सौंपा ज्ञापन

**सागर।** बड़ा बाजार स्थित श्रीराम चौक पर पेशाब घर के निर्माण से धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले नगर पालिक निगम के उपयंत्री बब्लेश साहू को बर्खास्त करने की माँग को लेकर शिवसेना संघठन ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन मे उलेखित है की बिना कार्यादेश के उपयंत्री ने किसके निर्देश पर बिना आयुक्त महापौर की अनुमति के पेशाब घर का निर्माण कराया जिस स्थान पर मंदिर व भगवान राम के नाम से चौक बना है वहा पेशाब घर बनाने की अनुमति किसके निर्देश पर दी गयी। नगर पालिक निगम सागर के उपयंत्री बब्लेश साहू ने धार्मिक भावनाओं को आहत करने के उदेश्य से उक्त निर्माण कराया है जो कदाचरण की श्रेणी मे आता है। शिवसेना उपराज्य प्रमुख पप्पू तिवारी ने कहा की कयी दिनों से हिन्दू मंदिरों हिन्दू धार्मिक स्थलों को निशाना बना कर धार्मिक भावनाएं आहत की जा रही है। नगर निगम आयुक्त ने मात्र नोटिस दिया है जबकि उपयंत्री बब्लेस साहू को बर्खास्त किया जाना चाहिये। जिला प्रमुख दीपक लोधी ने कहा की हिन्दू मंदिरों पर इस तरह के निर्माण बर्दाश नहीं किये जायेंगे। विधार्थी शिवसेना जिला प्रमुख एड.अमन ठाकुर ने कहा उपयंत्री बब्लेश साहू की शिकायत संभाग के कमिश्नर एवं नगरीय प्रशासन के संयुक्त संचालक से भी की जाएगी एवं प्रशासन से बब्लेश साहू पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने और सामाजिक सौहाद्र बिगाड़ने के मामले मे मामला पंजीबद्व करवाने की माँग करेंगे । जिला प्रभारी विकास सिंह ने श्रीराम चौक पर पेशाब घर निर्माण किये जाने की कड़ी निंदा करते हुये उपयंत्री को बर्खास्त की जाने की माँग की। ज्ञापन सौंपने वालों मे संजू केशरवानी, देव कुमार तिवारी, हेमराज आलू अजय बुंदेला, मयंक रजक, पंकज दुबे, योगेन्द्र श्रीवास्तव, आदि जैन , लकी पवार सहित अन्य शिवसैनिक उपस्थिति रहे।

## खबर संक्षेप



### नव वर्ष की पूर्व संध्या पर जिलाधिकारी की जनपदवासियों को शुभकामनाएं

**ललितपुर ।** नव वर्ष की पूर्व संध्या पर जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने जनपद के समस्त नागरिकों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं एवं मंगल कामनाएं प्रेषित की हैं। जिलाधिकारी ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि वर्ष का यह संध्याकाल आत्मचिन्तन, अनुभवों से सीख लेने तथा नये संकल्पों के साथ आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करता है। बीते वर्ष में जनपद में अनेक चुनौतियों के बावजूद प्रशासन और जन सहयोग से विकास के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने कहा है कि आगामी वर्ष में जिला प्रशासन शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, रोजगार सृजन, सामाजिक कल्याण एवं कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करता रहेगा, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे, इसी संकल्प के साथ जिला प्रशासन संकल्पित होकर कार्य करेगा। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से आपसी सौहार्द्र, सामाजिक समरसता एवं अनुशासन बनाये रखते हुए जनपद की विकास यात्रा में सहभागी बनने की अपील की।

### साइबर बुलिंग, स्टॉकिंग, फिसिंग, स्लेबरी, आईडेन्टिटी थेफ्ट के बारे में बताया

# साइबर क्राइम के प्रति जागरुक किया, बचाव के लिए उपाय बताए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में, साइबर क्राइम सेल थाना जखौरा पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम करमुहारा स्थित राजकीय जूनियर हाई स्कूल में छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम के प्रति जागरुक किया गया तथा साइबर क्राइम से बचाव हेतु उपाय बताया गया। जागरुकता कार्यक्रम के दौरान साइबर बुलिंग, स्टॉकिंग, फिसिंग, स्लेबरी, आईडेन्टिटी थेफ्ट आदि के विषय में विस्तृत रुप से जानकारी दी गई तथा साइबर अपराध से बचाव की जानकारी दी गयी। पुलिस ने डीप फेक, एआई, डिजिटल अरेस्ट आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें तथा प्लेस्टोर/आईओएस से जेनुइन ऐप ही डाउनलोड करें, इनके अतिरिक्त किसी अन्य प्लेटफॉर्म से कोई ऐप डाउनलोड न करें। किसी अनजान व्यक्ति से अपनी बैंकिंग सम्बंधी कोई भी डिटेल शेयर न करें तथा ओटीपी आदि मांगने पर न दें। सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय सावधानियां बरते । किसी भी पोस्ट की सच्चाई जाने बिना उसे शेयर न करें, अनजान लोगो की फ्रैन्ड रिक्वेस्ट आने पर उसे एक्सेप्ट न करें तथा सिक्योरिटी फीचर हमेशा ऑन रखें। कॉल पर किसी भी व्यक्ति द्वारा दिए गए ऑफर, लालच या धमकी पर विश्वास न करें। सभी प्रकार के इलेक्ट्रानिक उपकरण, सभी डिजिटल अकाउंट का स्ट्रांग पासवर्ड बनाएं तथा टू-स्टेप ऑथेंटिकेशन की सेटिंग अनिवार्य रुप से ऑन रखें। साइबर फ्रॉड होने पर तत्काल अपनी शिकायत साइबर हेल्प लाइन नं0 1930, एनसीसीआरपी पोर्टल पर शिकायत रजिस्टर्ड करने या बेवसाइड पर अपनी शिकायत रजिस्टर्ड करायें अथवा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर अपने निकटतम थाने या डायल-112 पर सूचना दें, जिससे कि वित्तीय धोखाधड़ी होने पर साइबर क्राइम के गोल्डन ऑवर में सम्बन्धित पुलिस से सम्पर्क करें।

## सड़क सुरक्षा जागरुक कार्यक्रम का आयोजन




**ललितपुर ।** केपीएसपीजी कॉलेज ककरूआ ललितपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में प्राचार्य डॉ राजेन्द्र प्रकाश की अध्यक्षता में सडक सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र/छात्राओं को सड़को के नियम एवं सुरक्षा से सम्बंधित दिशा निर्देश दिये गये तथा सहायक राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी दिनेश श्रीवास्तव द्वारा सभी छात्र/छात्राओं को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज की डॉयरेक्टर डॉ लतिका सुडेले, प्राचार्य डॉ राजेन्द्र प्रकाश, राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी प्रभारी प्रभांशु नगाइच ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया। डॉ लतिका सुडेले ने अपने सम्बोधन में कहा कि अधिकतर लोग जल्दबाजी व लापरवाही से वाहन चलाने पर दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं। अतः आप भले ही देर से पहुँचे लेकिन सुरक्षित पहुँच क्योकि दुर्घटना से देर भली। प्राचार्य डॉ० राजेन्द्र प्रकाश ने अपने सम्बोधन में कहा कि नाबालिग बच्चे वाहन ना चलायें एवं बालिग छात्र-छात्रायें भी लाइसेंस के साथ नियंत्रित गति से वाहन चलाऐं और हेलमेट / सीट बैल्ट का प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने आगे कहा कि सड़कों पर अन्ना जानवरों से भी सावधान रहें। राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी प्रभारी प्रभांशु नगाइच ने कहा कि छात्र-छात्रायें वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें एवं यातायात के नियमों का पूर्णतः पालन करें इसके साथ अपने आस पडोस एवं समाज के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें जिससे बढ़ती हुई दुर्घटनाओं को रोका जा सके एवं सड़क सुरक्षा अभियान को सफल बनाया जा सके। कार्यक्रम संचालन प्रवक्ता पुष्पेन्द्र पुरोहित ने किया एवं अंग्रेजी प्रवक्ता जगत राज ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ साकेत कुमार दीपक जैन, भानूप्रताप सिंह, रानी देवी, छाया तिवारी, अनीता साहू, नेहा श्रीवास्तव, ज्योति रानी, केहर राही, निधि जैन, जगतराज, राजकुमार पटेल, पंकज पटैरिया, रवीन्द्र कुमार अभिषेक शुक्ला, अमित कुमार, नीलू, मुबीन मंसूरी, अंकेश यादव, राजेन्द्र रजक, सक्षम त्रिपाठी, राहुल जैन, शशि श्रीवास्तव मनोज रजक, पुष्पेन्द्र, माता प्रसाद तिवारी ने प्रतिभाग किया।

### वार्षिकोत्सव में पेश किए कार्यक्रम

## राजकीय इंटर कॉलेज मेधावी छात्रों को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

राजकीय इंटर कॉलेज धौर्रा में समग्र शिक्षा माध्यमिक के अतंर्गत करियर गाइडेंस मेला और वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि डीआईओएस ओमप्रकाश मौजूद रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में वित्ता लेखाधिकारी घनश्याम सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कैरियर गाइडेंस मेले में विभिन्न क्षेत्रों के अतिथियों ने बच्चों को आगे बढने हेतु प्रेरित किया गया। इनमें अटल विद्यालय प्रधानाचार्य जियालाल, बैंक, डाक, रेल्वे, स्वास्थ्य, पत्रकारिता, उच्च शिक्षा, पंचायत विभाग और अन्य विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। वार्षिकोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। वहीं पिछले सत्र के मेधावी छात्रों का ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। अंत में प्रधानाचार्य प्रणवीर सिंह राजपूत ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। तो वहीं मंच संचालन अनुराग शर्मा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के अध्यापक मोहन, साजिद, अर्जुन सप्रे आदि का विशेष सहयोग रहा। इस दौरान अटल महाविद्यालय की प्रधान अध्यापक जियालाल, अध्यापक हीरालाल कुशवाहा, पूर्व प्रधान रामेश्वर प्रसाद मिश्रा, विनय तिवारी, महावीर कुशवाहा, इंद्रजीत यादव, जितेंद्र खटीक, आनंद कुशवाहा, ओमप्रकाश यादव मौजूद रहे।

## इनवर्टर, बैटरी व इलेक्ट्रॉनिक्स सामान चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर।

तालबेहट क्षेत्रांतर्गत खांदी के सिविल लाइन निवासी हनी पस्तोर पुत्र उमेश कुमार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 29 दिसम्बर की रात वह घर में सो रहा था।

उसके घर में दो भाग है और दूसरे भाग में इनवर्टर व बैटरी व अन्य सामान रखा हुआ है। आरोप है कि अज्ञात चोरों ने दूसरे भाग का ताला तोड़कर उसी समय घर से बैटरी, इनवेटर व इलैक्ट्रॉनिक सामान चोरी कर ले गये हैं। जब उसने सुबह देखा और जांच की तो पायाकि सीसीटीवी कैमरे में रात 12.28 बजे की घटना है, जिसमें घटना कैद हुयी है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### दानदाता एवं धर्मप्रेमियों का लग रहा तांता

## चमत्कारी संकट मोचन हनुमान मंदिर पर अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ

**ललितपुर।** सिविल लाइन क्षेत्रपाल मंदिर के पीछे स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वर्ष 2025 की विदाई तथा नववर्ष 2026 के आगमन के उपलक्ष्य में श्रीराम चरितमानस का अखण्ड पाठ का शुभारम्भ भाजपा जिलाध्यक्ष पं.हरिश्चन्द्र रावत द्वारा विधि विधान एवं पूजन के साथ अखण्ड रामायण पाठ का शुभारम्भ किया गया। अखण्ड रामायण पाठ बामौरकलां (शिवपुरी) के शास्त्री पं.मदन चौबे की संगीतमय मण्डली द्वारा प्रारम्भ कर दिया गया है। जिसकी पूर्ण आहूति एवं प्रसाद वितरण तथा सम्मान समारोह 01 जनवरी 2026 को विधि विधान के साथ संपन्न होगा। वहीं मंदिर समिति के प्रबन्धक / वरिष्ठ पत्रकार पं.महेश प्रसाद शर्मा ने समस्त श्रद्धालुओं/भक्तगणों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर धर्मलाभ उठाने की अपील की है। इस कार्य को संपन्न कराने के लिये प्रेस क्लब अध्यक्ष पं.राजीव बबेले सप्पू, मनोज जैन (गुडडू) तथा वार्ड पार्षद कुन्दन पाल के अलावा सुरेन्द्र पाल रिंकू आदि का भरपूर सहयोग प्राप्त हो रहा है। अखण्ड रामायण पाठ के लिये श्रद्धालुओं एवं दानदाताओं के द्वारा श्रद्धाभाव से दान दिया जा रहा है। वहीं पं.मदन चौबे बामौरकलां (शिवपुरी) की संगीतमय अखण्ड पाठ को सुनने के लिये श्रद्धालुओं का तांता लगा है। वहीं प्रेस क्लब अध्यक्ष पं.राजीव बबेले सप्पू तथा वार्ड पार्षद कुन्दन पाल, मनोज जैन आदि का भरपूर सहयोग मिल रहा है। वहीं मंदिर प्रबन्धक/वरिष्ठ पत्रकार पं.महेश प्रसाद शर्मा ने बताया कि नववर्ष के तथा जनमानस के हितार्थ यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष कराया जाता है। सुरेन्द्र पाल उर्फ रिंकू का विशेष सहयोग रहता है।

### निजी चिकित्सालय में भर्ती थी युवक की मां, ब्लड की जरूरत थी

# ओ निगेटिव ब्लड के लिए दो दिन से भटक रहे युवक की जय अंबे रक्तदान समिति ने की मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

निजी चिकित्सालय में भर्ती ग्राम रीछपुरा ब्लाक बिरधा निवासिनी गंभीर बीमारी से ग्रसित रामदेवी रैकवार को बृजेश कुशवाहा ने अपना बहुमूल्य ओ नेगेटिव ब्लड आठवीं बार किया। रक्तदान महिला मरीज के बेटे नंदलाल रैकवार ने बताया मैं दो दिन से ओ नेगेटिव ब्लड के लिए परेशान हो रहा था, मेरी मां की किसी ने भी मदद नही की। जय अंबे रक्तदान समिति के अध्यक्ष दीपक राठौर, समाजसेवी कन्हैयालाल रजक ने आगे आकर मेरी मां की मदद की है। मैं और मेरा परिवार रक्तदाता बृजेश कुशवाहा सहित समिति का आभार व्यक्त करते हैं एवं सदैव आभारी रहेंगे। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष दीपक राठौर, समाजसेवी कन्हैया लाल रजक, राहुल जैन, वैभव जैन टिन्ना, नंदलाल रैकवार, मलिक हयात, बंटी सोनी, सीताराम कुशवाहा, नीलेश सोनी चंदेरी आदि रहे।



### भंडारे के आयोजन में उमड़ी भीड़

## सनातन सांस्कृतिक संघ के सदस्यता अभियान में पुस्तक का विमोचन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

सनातन सांस्कृतिक संघ की राष्ट्रीय अध्यक्षा हरिप्रया भार्गव की अध्यक्षता में चिरगांव स्थित कनकने वाटिका में सनातन सांस्कृतिक संघ का सदस्यता अभियान, पुस्तक विमोचन और विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में झांसी ललितपुर जिले के लगभग 100 से अधिक गांवों से संतों, समाजसेवियों, युवाओं, मातृशक्ति एवं जागरूक नागरिकों ने सहभागिता की।

इस अवसर पर सनातन संकल्प पत्र को औपचारिक रूप से अंगीकार किया गया, जिसके माध्यम से सनातन धर्म की रक्षा एवं उसके मूल्यों को भावी पीढ़ीयों तक पहुंचाने का सामूहिक संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में सनातन संस्कृति के प्रति जागरूकता, संकल्प और सहभागिता का सशक्त संदेश दिया गया। कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण सनातन सांस्कृतिक सूची का विमोचन रहा यह पहल 5 से 15 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों में सनातन संस्कृति की सही समझ, संस्कार और वैचारिक दिशा को मजबूत करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई है। मंच के माध्यम से हरिप्रिया भार्गव ने कहा हमारे पूर्वज जो भारतीय संस्कृति को सजोकर गए हैं, उसे हमें बचाकर रखना है। वरना हम टूटते ही जाएंगे हमें अपनी अपनी जातियों में मतभेद रखकर नहीं बटना चाहिए. तभी सनातन सुरक्षित रह सकता है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिप्रया भार्गव ने सभा में कहा कि सनातन सांस्कृतिक संघ का उद्देश्य आने वाली पीढी संस्कार बनकर समाज और राष्ट्र की सेवा करें इसके लिए संघ कार्य कर रहा है। सनातन सांस्कृतिक संघ सभी सनातनियों को जोड़कर उनकी समस्याओं के लिए उनके निदान के लिए कार्य करेगा अन्य वक्ताओं ने सनातनियों को आत्मनिर्भर बनने के लिए अनेक जानकारियां दी गयी। उपरांत एक विशाल भंडारी का आयोजन किया गया, भंडारे के उपरांत ललितपुर जिले के संघ के सदस्यों ने आते समय ओरछा स्थित श्रीरामराजा सरकार के दर्शन किये। इस दौरान ललितपुर- झांसी के सनातन सांस्कृतिक संघ के हजारों सदस्य पहुंचे और अपनी सहभागिता दर्ज करायी। इस दौरान अध्यक्षता हरिप्रिया भार्गव राष्ट्रीय अध्यक्ष सनातन सांस्कृतिक संघ ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विनोद सचान राष्ट्रीय सलाहकार सनतान सांस्कृतिक संघ, राजेश कपूर राष्ट्रीय सलाहकार एवं राष्ट्रीय कार्यकारी संयोजक मनोज जैन, राजेंद्र सिंह कुशवाहा, राहुल कनकने चिरगांव, डा.बी.आर.विश्वकर्मा, यात्रा प्रभारी सुदामा प्रसाद दुबे बांसी, डा.सुशील विश्वकर्मा, वरिष्ठ पदाधिकारी एंव मान्यता प्राप्त पत्रकार पवन संज्ञा, अक्षित पांचाल, अमित पाठक, मनोज तिवारी (टाटा), हरिचरण सिंह लोधी राजपूत, प्राण सिंह, राज बहादुर सिंह, देवकीनंदन प्रजापति, संदीप दुबे बानपुर, सत्येंद्र रावत, राघवेंद्र सिंह पूर्व प्रधान, कृष्ण प्रसाद सिंह, धनेंद्र प्रताप सिंह, जनडेल सिंह, कृष्ण शंकर पाराशर पूर्व प्रधान कारीटोरन, सदस्यता अभियान टीम में जे.के. श्रीवास्तव कार्यालय प्रभारी, राजेश कुशवाहा, दीपक कुशवाहा, सौरभ साहू, रमाकांत कुशवाहा, निहाल कुशवाहा, महिला टीम में वैष्णवी राठौर, ज्योति शर्मा, सीमा कुशवाहा, ज्योति राजपूत, प्रियंका राजपूत आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में दायित्व निभाते दिखे।

### पुलिस को पत्र देकर की शिकायत

## अभाविप के प्रांत कार्यसमिति सदस्य को जान से मारने की धमकी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शहर क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला गांधीनगर नई बस्ती में रहने वाले कृष्ण गोपाल शर्मा पुत्र दिनेश शर्मा ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि वह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में जिले का नगर मंत्री व कानपुर प्रान्त कार्यसमिति का सदस्य है। बताया कि बीती 25 दिसम्बर को उसके मित्र चाहत राजा पुत्र अवसर सिंह ने सूचना दी कि थाना बानपुर के ग्राम खिरिया छतारा में रहने वाला शिवम राजा पुत्र हिम्मत सिंह के विरूद्ध रंजिश रख रहा है। बताया कि शिवम राजा ने खुलेआम कहा है कि जैसे ही मौका मिलेगा, ललितपुर में कहीं भी दिखायी देखा तो वह गोपाल शर्मा को गोली मार देगा। पीड़ित ने उक्त धमकी से भरा मैसेज भी देखा है, जिससे स्पष्ट है कि उसकी जान को गंभीर खतरा है। यह कि शिवम राजा एक दबंग और आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है। इस धमकी के बाद से वह व उनका परिवार डरा हुआ है और जानमाल की सुरक्षा को लेकर अत्यन्त चितिंत है। बताया कि वह अभाविप की मीटिंग के लिए शहर के कई कॉलेजों और विद्यालयों में जाना होता है।

## खेत में डले पाइप को काटने से मना करने पर मारपीट, एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

थाना जखौरा के ग्राम सांकरवारा कलां निवासी जितेन्द्र पुत्र भगवान सिंह यादव ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 30 दिसम्बर 2025 को 1 बजे वह खेत पर डले पाइप को घनश्याम पुत्र मुन्नालाल सहरिया काटने लगा। जब उसने पाइप काटने से मना करने पर घनश्याम ने उसे गालियां दीं और मारपीट करने लगा। बचाने आयी उसकी पत्नी रचना के साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

### दबंगों ने घर आकर धमकाया

ललितपुर। मदनपुर थाना के ग्राम पहाड़ीकलां निवासी रघुवीर पुत्र स्व.मुलायम सिंह ने पुलिस ने को तहरीर दी है। बताया कि बीती शाम करीब 8 बजे दुकान का सामान लेने गया था, तब उसकी पत्नी व बहू घर पर थी। जब वह घर पहुंचा तो पत्नी ने बताया कि गांव के तेज सिंह पुत्र धर्मसिंह, रवि पुत्र नवल सिंह, बृजभान सिंह पुत्र हुकुम सिंह आये और गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### तीस साल का दर्द खत्म, ललितपुर मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञों ने रचा कीर्तिमान

# 38 वर्षीय महिला का 30 वर्षों से बंद मुंह का सफल ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ने एक ऐतिहासिक सफलता हांसिल की है। प्रधानाचार्य डा.मयंक कुमार शुक्ला के कुशल नेतृत्व में मैक्सिलोफेशियल सर्जन डा.दीपिका कुमारी जैन ने निश्चेतना विभागाध्यक्ष डा.कौशल विजलानी एवं डा.चेतन राज के समन्वय से 38 वर्षीय महिला मरीज का सफल ऑपरेशन किया। उक्त मरीज का मुंह विगत 30 वर्षों से पूर्णतः बंद था। जटिल ऑपरेशन को सकुशल बेहोशी में संपन्न कर मरीज को नया जीवनदान दिया गया। यह जनपद में इस प्रकार की पहली सर्जरी है, जिसने यह सिद्ध कर दिया है कि अब मुंह, चेहरे एवं जबड़े से संबंधित छोटी से लेकर बड़ी सभी बीमारियों का उपचार ललितपुर मेडिकल कॉलेज में संभव है। नगर के मोहल्ला नेहरू नगर निवासी राजकुमारी, जो पिछले 30 वर्षों से मुंह न खुलने की बीमारी से पीड़ित थीं, को बोलने में अत्यधिक कठिनाई होती थी। वह केवल तरल आहार (लिक्विड डाइट) ही ले पा रही थीं, जिससे उनका वजन लगातार घट रहा था। उन्होंने अनेक चिकित्सकों से संपर्क किया, लेकिन हर बार निराशा ही हाथ लगी और उन्होंने यह मान लिया था कि अब उन्हें जीवन इसी अवस्था में व्यतीत करना होगा। निराशा के इस दौर में उन्हें तब आशा की किरण दिखाई दी, जब वे स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय पहुँचीं। डा.दीपिका कुमारी जैन ने जांचों के आधार पर बताया कि मरीज का निचला जबड़ा एवं सिर की हड्डी आपस में जुड़ गई है, जिसके कारण मुंह पूर्णतः बंद हो गया है। इस स्थिति को मेडिकल भाषा में टेम्पोरोमैंडिबुलर जॉइंट एंकायलोसिस कहा जाता है। इसके उपचार हेतु ऑपरेशन की सलाह दी गई। निश्चेतना विभाग डा.चेतन राज एवं विभागाध्यक्ष डा.कौशल विजलानी की सहमति के पश्चात डा.दीपिका कुमारी जैन द्वारा सफल सर्जरी की गई। सर्जरी के दौरान मरीज के दोनों जबड़ों की हड्डी को सिर की हड्डी से अलग किया गया, जिससे ऑपरेशन के दौरान ही मरीज का मुंह सामान्य रूप से खुल गया। इस जटिल सर्जरी में जूनियर डा. कोकिल एवं नर्सिंग स्टाफ में राजेंद्र कुशवाहा, मनीष, दीप्ती, प्रभा अरविन्द तथा राजेश रॉकी ने सराहनीय सहयोग प्रदान किया। डा.दीपिका कुमारी जैन ने बताया कि यह ऑपरेशन अत्यंत जटिल था, क्योंकि इस भाग से चेहरे की महत्वपूर्ण नसें गुजरती हैं, जिन्हें सुरक्षित रखना मरीज के फेशियल एक्सप्रेशन के लिए अत्यंत आवश्यक होता है जो कि मरीज राजकुमारी का सफल रहा, भविष्य में समस्या की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए सिर से फ्लैप लेकर जॉइंट स्पेस में ट्रांसफर किया गया। निश्चेतना विभाग के लिए भी यह एक बड़ी चुनौती थी, जिसे डा.कौशल विजलानी एवं डा. चेतन राज ने कुशलतापूर्वक निभाया। ऑपरेशन के पश्चात दंत रोग विभागाध्यक्ष डा.प्रियंका गुवरैले ने बताया कि यह सर्जरी आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत की गई। यह दंत रोग विभाग एवं निश्चेतना विभाग के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। डा.मनीष माथुर ने बताया कि मरीज अब सामान्य रूप से भोजन कर पा रही है। सफल परिणाम से मरीज के परिजनों में खुशी का माहौल है।

### सिंधिया समर्थकों ने ठंड से ठिठुरते गरीबों को पहनाए गर्म कपड़े, रक्तदान भी किया

# कहीं जश्न मनाकर तो कहीं सेवाभाव से किया नए साल 2026 का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

नया साल 2026 का शुभारंभ प्रकृति ने अपना मेहर बरसा कर किया। आसमान से मावठ के रूप में बरसी बारिश की हल्की फुहारों ने गेहूं चना जैसी फसलों के लिए अमृत प्रदान करने से किसानों के लिए खुशी का लाने का काम किया। नए साल का स्वागत कई समाज सेवी राजनेताओं ने दान पुण्य कर किया। इससे पहले युवाओं ने नए साल का आगमन 31 दिसंबर की रात 12 बजे के बाद जश्न मनाकर किया युवाओं ने नए साल का स्वागत जगह-जगह पार्टी आयोजित करके किया।

नए साल की तैयारी युवाओं ने कुछ दिन पहले से ही शुरू कर दी थी 31 दिसंबर की रात कई होटल रेस्टोरेंट नए साल का जश्न मनाने के लिए बुक कर लिए गए थे। घरों पर भी नए साल की पार्टी मनाई गई। डीजे लगाकर और युवाओं ने गाने लगाकर खूब उल्लास किया और केक काटकर नए साल का स्वागत किया। इस दौरान विभिन्न प्रकार की व्यंजनों वाली पार्टी भी आयोजित की गई। कुल मिलाकर युवाओं के लिए नया साल किसी उत्सव के रूप में आया जिसकी तैयारी वे कुछ दिन दिनों से कर रहे थे। रात 1:00 बजे के करीब तक युवा नए साल का जश्न मनाते दिखे। नए साल की सुबह लोग पूजा पाठ करते और दान पुण्य करते नजर आए कुछ लोग गायों को चारा खिलाकर नए साल अच्छा काम करते दिखे तो कुछ लोगों ने प्रेरणा वृद्ध आश्रम पहुंचकर निराश्रित बुजुर्गों को के साथ अपना समय बिताकर उन्हें अपनत्व देने का प्रयास किया। कुछ राजनेताओं में आदिवासी बस्तियों में पहुंचकर ठंड से ठिठुरते लोगों को गर्म कंबल इत्यादि वितरण किया और बच्चों को गर्म कपड़े पहनाए।



#### सेवाभाव से मनाया नया साल और सिंधिया का जन्मदिवस

पूर्व विधायक ब्रजराज सिंह चौहान एवं उनके समर्थकों ने नए साल को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के जन्मोत्सव के रूप में मनाया। इस दौरान आदिवासी बस्तियों में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने ठंड से ठिठुरते बुजुर्गों महिलाओं को कंबल ओढ़ाए वहीं छोटे बच्चों को गर्म कपड़े पहना कर उन्हें मिठाई खिलौने इत्यादि उपहार में दिए। पूर्व विधायक बृजराज सिंह चौहान ने आदिवासियों को बताया कि आज क्षेत्र विकास के मसीहा ज्योतिरादित्य सिंधिया का जन्मदिन है जो वंशजों से लेकर आज तक क्षेत्र की सेवा करते आ रहे हैं जिनके द्वारा दिलाई गई सौगातें आज भी हम सबको संबल प्रदान कर रही हैं। उन्होंने ग्रामीणों से केंद्रीय मंत्री सिंधिया लंबी उम्र की कामना करने का अनुरोध भी किया। इस दौरान युवा भाजपा नेता एवं जनपद अध्यक्ष यश प्रताप सिंह चौहान, एड महावीर मित्तल पूर्व पार्षद मुंशी खान एवं आरिफ खिलची सहित कई ब्रजराज सिंह चौहान समर्थक बीजेपी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

#### नपाध्यक्ष ने बेसहाराओं को ओढ़ाए कंबल



नए साल की पहली किरण के साथ ही नपाध्यक्ष रेनू राठौर ने पूजा अर्चना करने के साथ शहर में विभिन्न स्थानों पर सर्दी से ठिठुरते बेसहारा गरीबों को कंबल ओढ़ाए और प्रेरणा वृद्ध आश्रम में पहुंचकर निराश्रित बेसहारा बुजुर्गों के साथ समय बिताया और उन्हें गर्म कपड़े उपहार में दिए इस दौरान उनके साथ उनके पति सुजीत गर्ग भी मौजूद रहे।



#### रक्तदान कर नए साल का जश्न और परिजन को श्रद्धांजलि

समाजसेवी एवं नगर के प्रतिष्ठित दिवंगत व्यवसाई ज्योति सर्राफ की पुण्यतिथि पर उनके परिजनों ने रक्तदान शिविर आयोजित किया। इस शिविर में पहुंचे कई युवाओं ने रक्तदान कर जहां नए साल की शुरुआत सेवा भाव की प्रेरणा से की वही दिवंगत समाज सेवी को श्रद्धांजलि भी दी। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक ब्रजराज सिंह चौहान, वरिष्ठ भाजपा नेता महावीर सिंह सिसोदिया सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेताओं ने रक्तदान शिविर पहुंचकर रक्तदान दाताओं का उत्साहवर्धन किया।

#### सोई ग्राम पंचायत ने किया बुजुर्गों का सम्मान




हर साल की तरह इस साल भी ग्राम पंचायत सोई कला ने नया साल बुजुर्गों का सम्मान दिवस के रूप में मनाया। इस दौरान ग्राम पंचायत के सरपंच हरि सिंह मीणा के अनुरोध पर सम्मान सभा में पहुंचे अतिथियों ने वहां मौजूद बुजुर्गों को कंबल ओढ़ाकर और माला पहनाकर उनका सम्मान किया। ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत सोई कला के हरि सिंह मीणा जबसे सरपंच बने हैं तब से हर साल उनके द्वारा नव वर्ष के अवसर पर इसी तरह समारोह आयोजित किया जाकर बुजुर्गों का सम्मान किया जा रहा है।


### तिलचौथ पर्व के उपलक्ष्य में होगा आयोजन,तैयारियां शुरू

## आनंदी माता मंदिर पर छह को सजेगा फूल बंगला, लगेगा छप्पन भोग, होगी महाआरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

तिलचौथ (संकटचतुर्थी) का पर्व 06 जनवरी मंगलवार को शहर सहित जिले भर में परंपरागत रूप में मनाया जाएगा। इस दौरान शहर के सूबात कचहरी स्थित आनंदी माता मंदिर पर फूल बंगला सजाए जाने के साथही छप्पन भोग भी लगाया जाएगा।

इसके बाद सायंकालीन समय में महा आरती का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम की तैयारियां शुरू हो गई है।



दरअसल सूबात कचहरी स्थित प्राचीन राज राजेश्वरी आनंदी माता मंदिर पर तिल चौथ पर्व के उपलक्ष्य में हर साल फूल बंगला और छप्पन भोग का आयोजन किया जाता है। इस बार 6 जनवरी को आने वाली तिल चौथ पर यह 26 वां आयोजन होगा। धर्मप्रेमी लोगों की सामूहिक पहल पर आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम की तैयारियां शुरू हो गई है। बताया गया है कि 6 जनवरी को फूल बंगला और छप्पन भोग की झांकी के दर्शन शाम 4 बजे से रात 10 बजे तक श्रद्धालुओं को हो सकेगे। जबकि रात्रि 8 बजे महाआरती का आयोजन किया जाएगा

## ढोढर स्कूल के छात्र-छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण, बढ़ाई अपनी समझ

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शासकीय उमावि ढोढर के 71 छात्र छात्राओं ने दो दिन तक शैक्षिणक भ्रमण करते हुए मुरैना और ग्वालियर जिले का सैर सपाटा किया और इन जिले में मौजूद प्राचीन और धार्मिक स्थलों को निहारते हुए इनके प्राचीन और धार्मिक महत्व को जाना। वहीं पुलिस ट्रैनिंग सेंटर तथा कृषि कॉलेज में घूमकर कई उपयोगी जानकारी हांसिल करते हुए अपनी समझ बढाई।



शाउमावि ढोढर के प्राचार्य राजेन्द्र सिंह रावत ने बताया कि विद्यार्थियों की समझ बढाने के लिए स्कूल के छात्र छात्राओं को नए वर्ष के उपलक्ष्य में दो दिन का शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया। विद्यार्थियों के साथ स्कूल का स्टाफ भी साथ में था। पहले दिन स्कूली छात्र छात्राओं ने करह धाम (मुरैना) का भ्रमण कर धर्म एवं आस्था के बारे में जानकारी हांसिल की तथा मितावली पहुंचकर 64 योगिनी मंदिर का भ्रमण करते हुए इसके इतिहास को विस्तार से समझा। ग्वालियर में आयोजित मेले का आनंद लेते हुए स्कूली छात्र छात्राओं ने शिल्प कला, रोजगार एवं संस्कृति परंपराओं के बारे में जाना। जबकि पुलिस आरक्षक ट्रेनिंग सेंटर तिघरा में पुलिस के संरक्षण में छात्र छात्राओं ने विश्राम किया और दूसरे दिन सुबह से ही ट्रेनिंग सेंटर का भ्रमण करते हुए वहां के अधिकारियों ने पुलिस चयन और ट्रैनिंग तथा अन्य गतिविधियों के बारे में उपयोगी जानकारी जानी। इसके बाद छात्र छात्राओं ने ग्वालियर किले का अवलोकन करते हुए इसके इतिहास की जानकारी प्राप्त की।

किले के बाद छात्र छात्राओं ने शैक्षणिक संस्थान अटल बिहारी वाजपेई सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन संस्थान में मैनेजमेंट एवं सूचना प्रौद्योगिकी की बारीकी से जानकारी लेते हुए कृषि महाविद्यालय ग्वालियर में कृषि से संबंधित कई जानकारियां प्राप्त की। इसके बाद स्कूली छात्र छात्राएं बानमौर की सीमेंट फैक्ट्री, जेके टायर फैक्ट्री, एवं अन्य औद्योगिक गतिविधियों की जानकारी लेते हुए प्रसन्नता के साथ वापस ढोढर पहुंचे।

## कार की टक्कर से युवक गंभीर घायल, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ने पहुंचाया जिला अस्पताल

**श्योपुर।** श्योपुर सवाईमाधोपुर नेशनल हाइवे पर गुरूवार को ईट भट्टे के पास ग्राम नगदी निवासी रामअवतार बैरवा को एक कार ने टक्कर मार दी। जिससे रामअवतार बैरवा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के दौरान रामअवतार का पैर शरीर टूटकर दूर जाकर गिरा। हादसे को घटित करने वाली कार मौके से भाग निकली। लेकिन घटनास्थल पर घायल को तडपते देख वहां लोगों की भीड लग गई। इस दौरान घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाने के लिए 108 एंबुलेंस को फोन भी किया। प्रत्यक्षदर्शी लोगों ने बताया कि करीब घंटेभर तक इंतजार किए जाने के बाद भी एंबुलेंस घायल को लेने के लिए घटना स्थल पर नहीं आई। तभी सोईकलां में आयोजित वृद्धजन सम्मान समारोह में शामिल होकर श्योपुर लौट रहे भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह जाट ने अपनी गाडी को घटना स्थल पर रोका और अपनी गाडी के जरिए घायल को जिला अस्पताल श्योपुर लाकर भर्ती कराया। जिला अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद रामअवतार को ग्वालियर के लिए रैफर कर दिया गया। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह जाट ने बताया



कि यदि घायल को जिला अस्पताल लाने में थोडी और देर हो जाती जो घायल की जान भी जा सकती थी। उन्होंने बताया कि एंबुलेंस के लेट आने का कारण एंबुलेंस का ऑपरेट सिस्टम भोपाल में होना रहा है। इसलिए इस मामले में सीएम से मिलकर एंबुलेंस का ऑपरेट सिस्टम जिला अस्पतालन में ही रखने का अनुरोध किया जाएगा।

## प्रभारी सीडीपीओ ने किया आंगनबाड़ी केन्द्रों का भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा व्यवस्थाओं को लेकर आंगनबाडी केन्द्रों के सतत रूप से निरीक्षण किये जाने संबंधी निर्देशो के क्रम में प्रभारी सीडीपीओ कराहल सुषमा सोनी द्वारा सरजूपुरा, ककरधा, तालाब बस्ती कराहल के आंगनबाडी केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान आंगनबाडी केन्द्र सरजूपुरा-ए पर मैन्यु अनुसार भोजन नही जाने के चलते श्री गणेश स्वसहायता समूह को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

## शिक्षा विभाग ने शिक्षकों को दिया नए साल का तोहफा मिला क्रमोन्नति और समयमान वेतनमान का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिले में कार्यरत शिक्षकों सहित शिक्षा विभाग में कार्यरत कर्मचारियों को शिक्षा विभाग ने नए साल का तौहफा देते हुए उन्हें क्रमोन्नति और समयमान वेतनमान का लाभ प्रदान कर दिया है। इसको लेकर लाभार्थी शिक्षकों में खुशी की लहर देखी जा रही है।

जिला शिक्षा अधिकारी श्योपुर एमएल गर्ग ने बताया कि 01 प्राथमिक शिक्षक को 24 वर्ष की सेवा पूर्ण करने और 81 प्राथमिक शिक्षको को 12 वर्ष की सेवा पूर्ण किए जाने पर क्रमोन्नति का लाभ प्रदान कर दिया गया है। इसके साथही जिले के 7 उच्च माध्यमिक शिक्षको को संयुक्त संचालक लोक शिक्षा संभाग ग्वालियर द्वारा समयमान वेतनमान का लाभ दिए जाने संबंधी आदेश जारी कर दिए गए है। जिनमें मनीष त्रिवेदी, सुशील कुमार दुबे, प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, सुरेश सिंह सिकरवार, घनश्याम बंसल, जगदीश प्रसाद जाटव, जयपाल सिंह राजपूत शामिल है।

इसके अलावा शिक्षा विभाग में तृतीय श्रेणी कर्मचारी के रूप में अपनी सेवाए दे रहे लिपिक मनोज जाटव सहित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी इंसाफ अली,वीरेन्द्र राजौरिया, सुरेन्द्र रावत, जितेन्द्र तथा दिलीप को भी समयमान वेतनमान का लाभ प्रदान करने संबंधी आदेश जारी कर दिए गए है।

### हादसा नहीं हत्या थी रमाकांत की मौत, पुलिस ने किया खुलासा

# प्रेमी के साथ मिलकर पत्नी ने करवाई शिक्षक पति की हत्या, पुलिस ने दबोचे तीनों आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कराहल निवासी शिक्षक रमाकांत पाठक की मौत एक्सीडेंट नहीं, बल्कि हत्या थी, इसका खुलासा पुलिस की जांच के दौरान हुआ है। जांच के दौरान एक चौकाने वाली बात सामने आई है। शिक्षक की हत्या किसी ने और ने नहीं,बल्कि उनकी ही धर्मपत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर करवाई है। इस मामले में तीसरा आरोपी सतनाम सिंह पुलिस की डायल 112 का चालक बताया जा रहा है,जो कि मृतक की पत्नी के प्रेमी मनीष का दोस्त है। कराहल थाना पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के जरिए इस मामले का खुलासा करते हुए मृतक की धर्मपत्नी और उसके प्रेमी व प्रेमी के दोस्त समेत तीनो आरोपियों को दबोच लिया है। साथही वह कार भी जब्त कर ली है,जिसका उपयोग वारदात के दौरान किया गया था।

खास बात यह है कि शिक्षक रमाकांत पाठक हत्याकांड के खुलासे को लेकर न केवल कराहल कस्बे के लोग,बल्कि पूरे क्षेत्र के लोग चकित बने हुए है। लोगों के चकित होने का सबसे मुख्य कारण यह है कि शिक्षक की मौत को एक्सीडेंट बताया जा रहा था, पुलिस के अधिकारी भी शिक्षक की मौत को एक्सीडेंट ही बता रहे थे। लेकिन मृतक के परिजनों सहित कराहल के लोगो ने हत्या का आरोप लगाते हुए मृतक के शव को तब तक घटना स्थल से नहीं उठने दिया,जब तक कि एफएसएल की टीम ने मौके पर पहुंचकर अपनी जांच की कार्रवाई को शुरू नहीं कर दिया।



#### तीन बच्चे हैं शिक्षक के,जिनमें दो जुड़वा

बता दें कि मृतक शिक्षक रमाकांत पाठक की करीब 20 साल पहले विजयपुर निवासी साधना शर्मा के साथ हुई थी। शादी के बाद इनके तीन बच्चे भी है। जिनमें 2 बालक और एक बालिका है। विशेष बात यह है कि एक बालक और एक बालिका तो जुडवा पैदा हुए है। अब इन तीनों बच्चों का रो रोकर बुरा हाल है। क्योंकि इनके सिर से पिता का साया उठ चुका है,वहीं इनकी मां पिता की हत्या के आरोप में जेल चली गई है।

#### पेट्रोल भरवाने के दौरान परवान चढ़ा इश्क

इस घटना का मुख्य आरोपी मनीष जाटव निवासी शंकरपुर कराहल है, जो कि कराहल स्थित एक पेट्रोलपंप पर कर्मचारी है। बताया जा रहा है कि शिक्षक रमाकांत पाठक की पत्नी साधना शर्मा बांकुरी के आंगनवाडी केन्द्र में बतौर आंगनवाडी कार्यकर्ता पदस्थ है। वह आंगनवाडी केन्द्र पर जाने के दौरान अपनी स्कूटी में कराहल के उस पेट्रोलपंप से पेट्रोल भरवाती थी,जिस पर मनीष जाटव काम करता है। पेट्रोल भरवाने के दौरान ही मनीष और साधना का इश्क परवाना चढ गया। डेढ साल के दौरान यह इश्क इतना परवान चढ गया कि साधना ने अपने प्रेमी के साथ पति रमाकांत को रास्ते से हटाने का षडयंत्र रच दिया।

#### हत्या के बाद शव को हादसा बताने घाटी में ले जाकर पटका

एसडीओपी बडौदा प्रवीण अष्ठाना ने पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देशन में गुरूवार को कराहल थाने में प्रेस वार्ता आयोजिक करके इस मामले का खुलासा किया। एसडीओपी ने बताया कि कराहल निवासी शिक्षक रमाकांत 51 वर्ष पुत्र राधेश्याम पाठक की हत्या उसकी पत्नी साधना शर्मा ने अपने प्रेमी मनीष जाटव पुत्र रामकुमार साकेत के साथ साजिश रचकर करवाई है। मनीष और शिक्षक रमाकांत में भी दोस्ती थी,इसलिए मनीष साजिश के तहत 26 दिसंबर को अपने दोस्त सतनाम सिंह सरदार निवासी जानपुरा हाल ब्लॉक कॉलोनी श्योपुर के साथ मिलकर शिक्षक रमाकांत को सेसईपुरा जाने की बात कहकर कार में बैठाकर ले गया और शिक्षक की बाइक को पेट्रोलपंप के पास छोड गए। नौनपुरा घाटी के नजदीक पहुंचकर इन्होंने जंगल में कार रोकी और फिर रमाकांत की सिर डंडा मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद इन्होंने शव को कार की डिग्गी में रखा और फिर एक किलोमीटर चलकर घाटी में जाकर पटक दिया। इसके बाद कराहल से शिक्षक की मोटरसाइकिल लाकर उसे भी शव के पास पटक दिया। ताकि शिक्षक की मौत एक्सीडेंट लग सके।

#### तीन लाख में हुई थी डील,50 हजार पेशगी में दिए

सूत्रों के मुताबिक सतनाम सिंह सरदार ने इस हत्याकांड में शामिल होकर शिक्षक की हत्या करने के लिए तीन लाख रूपए दिए जाने की डील मनीष जाटव से की थी। इसके बाद 50 हजार रूपए सतनाम को बतौर पेशगी में दे दिए गए। 50 हजार की पेशगी लेने के बाद सतनाम अपने रिश्तेदार की कार मांगकर इस घटना को अंजाम देने के लिए लेकर गया। जहां डंडा मारकर शिक्षक की हत्या सतनाम के द्वारा ही की गई।

#### खुलासे में इनकी रही अहम भूमिका

शिक्षक रमाकांत पाठक के अंधे कत्ल का खुलासा करने में कराहल टीआई यास्मीन खान, एएसआई पवन शर्मा, बृजेश राजौरिया, रामबरन सोलंकी, प्रआ हेमंत रावत, पवन शर्मा, महावीर सिंह, महेन्द्र सेंगर, आरक्षक पवन कटारे, विकास शर्मा, लवकुश रावत, अभिषेक गौतम, चंद्रशेखर शर्मा, अशोक गोरछिया, कमल सूरी, कहार सिंह, अंकित, खालिद खान,रोहिणी शर्मा,लक्ष्मी बाजुल्ला आदि की अहम भूमिका रही है।

### ऋषि कथा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, जमकर झूमे श्रोता

## सांसारिक विषयों को भूलने से प्राप्त होता है सच्चा आनंदः राघव ऋषि

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

सांसारिक विषयों को भूलने से सच्चा आनन्द प्राप्त होता है। जो लोग सांसारिक मोह माया के पाश में बंधे होते हैं वो ईश्वर की भक्ति का सच्चा लाभ नहीं उठा पाते हैं। यह बात बायपास रोड स्थित हैवी मशीनरी टीन शेड में ऋषि सेवा समिति, श्योपुर के तत्वावधान में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिन अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथा वाचक राघव ऋषि ने कथा का रसास्वादन कराते हुए कही। इस दौरान संगीतमय स्वरलहरियों के बीच श्रोता जमकर झूमे।

कथा श्रवण कराते हुए राघव ऋषि ने कहा कि जीव यदि पूरी निष्ठा से प्रभु भक्ति करता है तो वह बलि बनता है एवं उस पर कृपा करने के लिए भगवान स्वयं वामन के रूप में पधारते हैं। परमात्मा जब द्वार पर



पधारते हैं तो तीन कदम पृथ्वी अर्थात तन, मन, धन जीव से मांगते हैं। तन से सेवा, मन से सुमिरन व धन से सेवा जो बलि की भांति करता है भगवान उसके द्वारपाल बनते हैं और वही अक्षुण्ण साम्राज्य को प्राप्त करता है। सत्व, रज, तमस इन तीनों गुणों को भगवान को अर्पण करो। शरीर से भगवान की सेवा करने से तमोंगुण, धन से रजोगुण, और मन से समर्पण व सम्बन्ध जुड़ता है। कृष्ण चरित्र की चर्चा करते हुए ऋषि जी ने कहा कि मन यदि सांसारिक चीज़ों का चिंतन छोड़ दे तो वह प्रभु में लीन हो सकता है। कृष्ण कथा मन को खींचती है इस कथा से ज्ञान, वैराग्य, भक्ति बढ़ती है। भागवत की कथा वक्ता और श्रोता दोनो को प्रेम रस में डुबा देती है। सांसारिक विषयों को भूलने से सच्चा आनन्द प्राप्त होता है। कृष्ण कथा संसार व देह भान को भी भुला देती है। कथा जीव को अपने दोष का भान कराती है। कृष्ण कथा में श्रृंगार, करुण, वीर, भयानक, आदि, सभी रस भरे हुए हैं क्योंकि भगवान रसो वै सः। कृष्णावतार की कथा व झांकी के साथ में सौरभ ऋषि ने जन्में हैं कृष्ण कन्हैया₹ भजन गाया तो पूरा पण्डाल ब्रज बन गया और सभी श्रोतागण भावविभोर होकर नृत्य किया। राघव ऋषि के एकमात्र सुपुत्र सौरभ ऋषि ने कथा रामजी की है कल्याणकारी भजन सुनाकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

## दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने शिविर अगरा में

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम 08 जनवरी को उप तहसील भवन अगरा में दिव्यांग स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जायेगा। कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा विजयपुर क्षेत्र में दिव्यांगजनों के स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाकर दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिए रोस्टर अनुसार तिथियां निर्धारित की गई है। जिसके अनुसार प्रत्येक माह के द्वितीय गुरूवार को विजयपुर क्षेत्र में शिविर आयोजित होंगे। श्योपुर जिला मुख्यालय से विजयपुर की अधिक दूरी को दृष्टिगत रखते हुए यह निर्देश दिये गये है कि जिला चिकित्सालय की टीम निर्धारित तिथियों में उपस्थित होकर दिव्यांगता का परीक्षण करेगी तथा सर्टिफिकेट बनाये जायेंगे, जिससे विजयपुर क्षेत्र के दिव्यांगजनों को प्रमाण पत्र बनवाने के लिए श्योपुर जिला अस्पताल न आना पडें। दिव्यांगजनों की सुविधा के दृष्टिगत रख कलेक्टर द्वारा रोस्टर निर्धारित किया गया है। निर्धारित रोस्टर के अनुसार 8 जनवरी एवं 12 फरवरी 2026 को अगरा में, 12 मार्च को गसवानी हाईस्कूल में, 09 अप्रैल को जनपद पंचायत कार्यालय विजयपुर में, 14 मई को पंचायत भवन वीरपुर में तथा 11 जून को हायर सैकेण्डरी स्कूल रघुनाथपुर में शिविर आयोजित किये जायेगे।

## खबर संक्षेप

### आज से शुरू हुआ सिद्ध चक्र महामंडल विधान

**राजपुर।** वुधवार को राजपुर नगर में बहुप्रतीक्षित सिद्ध चक्र महामंडल विधान मुनि श्री दुर्लभ सागर जी महाराज जी के परम सान्निध्य में प्रारंभ हो गया है। आज प्रथम दिवस सिद्धों की आराधना की गई, प्रारंभ में श्री जी का अभिषेक, शांति धारा की गई, तत्पश्चात विधान प्रारंभ हुआ। मुनि श्री ने कहा कि छोटी सी बात पर महाभारत का युद्ध हुआ था, इसलिए हमे अपने जीवन में विनम्रता रखना चाहिए। मुनि श्री के पाद प्रक्षालन करने की, शास्त्र भेंट करने की और महाआरती की बोलियां पुण्यर्जक परिवार सुभाष अंजना जैन को प्राप्त हुआ।

### जुए के अड्डों पर छापामार कार्यवाही

**अशोकनगर।** जिले में देहात थाने के अंतर्गत जुए के अडडों पर छापामार कार्यवाही की है। शकंर कॉलोनी में ताश के पत्तों से जुआ खेलते हुए यशु राय, नीलेश राय और धर्मेन्द्र शर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जिनके पास से ताश की गडडी और 3300 रूपए बरामद किए हैं। इसी प्रकार शंकर कॉलोनी में ही ताश के पत्तों से जुआ खेलते हुए संग्राम अहिरवार सोनू पाल और जसरथ अहिरवार को गिरफ्तार किया है जिनके पास से ताश की गडडी और 2600 रूपए बरामद किए गए हैं। इसी प्रकार जिले के ईसागढ थाने की पुलिस ने बहेरिया तिराहे पर ताश के पत्तों से जुआ खेलते हुए रवि जाटव, रंजीत जाटव को गिरफ्तार किया है जिनके पास से ताश की गडडी और 410 रूपए बरामद किए है। इसी प्रकार ईसागढ पुलिस ने ही साहू गार्डन के पास ताश के पत्तों से जुआ खेलते हुए पन्ना केवट और मुनीम साहू का गिरफ्तार किया है जिनके पास से 650 रूपए और ताश की गडडी बरामद की है।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**अशोकनगर।** जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत ग्राम सलोना थाना चन्देरी मार्ग पर सड़क दुर्घटना में घायल रविशंकर कुशवाह उम्र 36 साल निवासी नई वस्ती फतेहाबाद चन्देरी की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### आंगनवाडी केन्द्रों के संचालन का समय परिवर्तित

**अशोकनगर।** जिले में शीतलहर को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा जिले में संचालित समस्त आंगनवाडी केन्द्रों का समय प्रातः 10 बजे से सायंकाल 05 बजे तक नियत किया गया है।

### सूरज की पहली किरण के साथ नए सवेरे का लोगों ने किया आगाज

# नए सवेरे में नए विश्वास से नववर्ष 2026 में बुराई त्यागने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

नव वर्ष 2026 को लेकर चारों ओर खुशियां फैली हैं। अशोकनगर जिले के लोग नव वर्ष का स्वागत कर रहे हैं। सूरज की पहली किरण के साथ नए सवेरे का आगाज होगा। नव वर्ष में उम्मीदों की नई रोशनी का इंतजार है, अधूरे सपनों को पूरा होने का इंतजार है, चुनौतियों के साथ जिले को विकास की नई दहलीज पर ले जाने के लिए इस नए वर्ष से अपेक्षाएं भी बहुत हैं।

किसी भी जिले की पहचान उस जिले में प्रगति की सूचक सड़के, नए नेशनल हाईवे, और रेल सुविधाएं होती हैं। अगर आने जाने के संसाधन बेहतर होगें तो जिला प्रगति की दिशा में अग्रसर होगा। इस जिले के पड़ौसी जिलों गुना, शिवपुरी, विदिशा और सागर जिलों में तो खूब विकास हो रहा है लेकिन अशोकनगर जिले को विकास की वह सौगातें नहीं मिल पा रही हैं। जिसके लिए जिले के लोग वर्षों से प्रतिक्षा कर रहे हैं। हर वर्ष इसी तरह की उम्मीदें आने वाले नए वर्ष से की जाती हैं। लेकिन नया वर्ष आकर विदा हो जाता है जैसे कि 2025 की विदाई हो गई। अब नए वर्ष के रूप में 2026 से उम्मीदें की जा रहीं है कि यह नया साल अशोकनगर के लिए विकास का नया सवेरा लेकर आएगा।



### कब होगा औद्योगिक विकास का सपना पूरा

अशोकनगर जिले की सीमाओ पर सिंध,वेतबा जैसी नदिया है। राजघाट जैसा बांध है। चंदेरी जैसी रमणीय नगरी है। इसके बाबजूद भी इस जिले को विकास के नए पंख नही लग पाए। जिले की सीमा पर बेतवा नदी के उस पार बीना रिफायनरी खडी है। जब प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव बीना रिफायनरी की आधार शिला रखने आए थे। तब उन्होने कहा था कि इस रिफायनरी से निकलने वाले रॉ मटेरियल पर आधारित 500 उद्योग लगाए जाएंगे लेकिन एक भी उद्योग नहीं लगा। पड़ोसी जिला गुना मे नेशनल फर्टिलायजर विजयपुर और गैस अथॉरटी इंडिया लिमिटेड जैसे कारखाने है। लेकिन अशोकनगर जिले मे कोई उघोग नही होने से यहा के युवा बेरोजगार है। किसान पुत्र खेतो मे पसीना बहा रहे है। चंदेरी नगरी मे लगातार फिल्मों का निर्माण हो रहा है लेकिन चन्देरी आज भी वहीं की वहीं है उसे नए वर्ष में विकास की नई गंगा का इंतजार है।

### अशोकनगर जिले को विकास की नई गंगा का इंतजार

2003 में गुना जिले का विभाजन होने के बाद अशोकनगर जिले का उदय हुआ था, उम्मीद थी कि इस नए जिले को विकसित होने की पूर्ण सुविधाए मिलेगी। लेकिन ऐसा नही हुआ। अशोकनगर जिला आज भी उपेक्षा का शिकार है। यहा विकसित होने के प्रचुर संसाधन है। लेकिन जिले की तस्वीर और तकदीर मे रंग भरे जाना है। जिनके कंधो पर अशोकनगर की जिम्मेदारी है उन जिम्मेदारो ने अपने कर्तव्यो का निर्वाहन ठीक से नही किया। जिसके कारण अशोकनगर जिले को वह उचाइयां नहीं मिल पाई, जिसका वह हकदार है।

### पुरानी घोषणाओं को पूरा होने और नई योजनाओं की कतार

अशोकनगर जिले के विकास को लेकर केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा योजना भी तैयार की गई है योजना को लेकर समय समय पर बैठके होती हैं लेकिन शहर की सूरत बदलती नजर नहीं आ रही है। शिवराज सिंह चैहान मुख्यमंत्री के पद पर रहते हुए घोषणा कर गए थे कि अशोकनगर को स्मार्ट सिटी बनाया जाएगा, कृषि महाविद्यालय की स्थापना की जाएगी, लेकिन आज तक कुछ नहीं हुआ। सबसे ज्यादा समस्या रेल सुविधाओं की कमी और अशोकनगर जिला मुख्यालय के आसपास से निकलने वाले हाईवे को लेकर है जिनकी लिंक अशोकनगर से करने की मांग लगातार हो रही है लेकिन मांग पूरी नहीं हो पा रही है। जिला मुख्यालय पर आने जाने के सड़क मार्ग भी कम हो गए हैं अगर अशोकनगर स्टेशन को अंडरब्रिज तक आने जाने वाले रास्ते से जोड दिया जाए तो शहर में यातायात की सुविधा भी होगी। यहां के अंडरब्रिज को सर्व सुविधा युक्त बनाने की जरूरत है। देखना है कि वर्ष 2026 अशोकनगर जिले के नागरिकों की किन उम्मीदों पर खरा उतरता है।

### कथा के पूर्व शहर में निकाली गई भव्य कलश

# 24 घंटे में से 22 मिनट भगवान का करे स्मरण: विपिन बिहारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

श्री देव रघुनाथ ट्रस्ट बड़ा मंदिर में गुरुवार से श्रीमद् भागवत कथा शुरू हुई। शुभारंभ के पूर्व मां जागेश्वरी मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा मां जागेश्वरी मंदिर से शुरू हुई, जो पुलिस थाने के पीछे से होते हुए सर्वोदय चौराहा, अंबेडकर तिराहा से कथा स्थल श्री देव रघुनाथ ट्रस्ट बड़ा मंदिर परिसर पहुंची।

कलश यात्रा का शहरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। कलश यात्रा शुरू होने से पहले कथावाचक पंडित विपिन बिहारी दास महाराज मां जागेश्वरी मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने मां जागेश्वरी के दर्शन किए। मंदिर के पुजारी लक्ष्मीकांत तिवारी, मंदिर समिति के अध्यक्ष दिनेश पाठक और समिति के सदस्यों के अलावा राधे-राधे प्रभात फेरी मंडल के सदस्यों, नरसिंह हिंदू संगठन और गो सेवा समिति के सदस्यों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद कलश यात्रा शुरू हुई। कलश यात्रा में पारंपरिक वेशभूषा में आई महिला व युवतियों ने कलश धारण किया।

बुंदेलखंड के प्रसिद्ध संत पंडित विपिन बिहारी दास ने कथा के पहले दिन युवाओं ने अपील करते हुए कहा कि अंग्रेजी नए साल पर भूलकर भी पार्टी नहीं करना। मंदिर में जाकर प्रार्थना और भजन से अंग्रेजी नए साल की शुरुआत करना। कथावाचक विपिन बिहारी दास ने कहा कि लोगों को ज्यादा से ज्यादा भगवान के नाम का स्मरण करना चाहिए। यदि आप पूरे समय काम में व्यस्त रहते हैं, तो कम से कम 24 घंटे में 22 मिनट भगवान का स्मरण ओर भजन जरूर करना चाहिए। गौरतलब है कि कथा 1 से 7 जनवरी तक रोजाना दोपहर 1 बजे से शुरू होगी।

### भगवान के दर्शन से लोगों ने की नववर्ष की शुरुआत

**शहर के मंदिरों में सुबह से लेकर देर रात तक श्रद्धालुओं की रही भीड़**

**बीना।** नए वर्ष 2026 का आगाज लोगों ने अपने-अपने अंदाज में किया। जहां देर रात 12 बजे शहरवासियों ने आतिशबाजी कर नववर्ष का स्वागत किया। तो वहीं गुरुवार सुबह नए साल की शुरुआत लोगों ने मंदिरों में पहुंच कर अपने-अपने आराध्य देव के दर्शन करने के साथ किया। बड़ी संख्या में शहरवासी नववर्ष बनाने के लिए शहर से बाहर धार्मिक स्थल पहुंचे। इसके अलावा बीना नदी, बेतवा नदी किनारे बने घाटों एवं मंदिरों में जाकर नए वर्ष की शुरुआत की। नव वर्ष के पहले दिन सबसे ज्यादा भीड़ धार्मिक स्थलों पर रही। मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का आना शुरू हुआ जो देर रात तक भगवान के दर्शन करने आते रहे। हनुमान मंदिरों में भक्त सुंदरकांड, हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए नजर आए।भक्तों ने शिव मंदिर में पहुंचकर फूलमाला, बेलपत्र, धतूरा, भांग, दूध व जल आदि से भगवान शिव का जलाभिषेक किया। शहर के जटाशंकर, महादेव घाट, गुलोआ में हनुमान मंदिर, मां जागेश्वरी मंदिर, कटरा स्वामी मंदिर, स्टेशन रोड स्थित हनुमान मंदिर में सुबह से ही भक्त पूजा करने के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे।

# प्रार्थना एक चतुर कला, जब भक्त ने एक वरदान में मांग लिया पूरा संसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाढ़ौरा



अक्सर कहा जाता है कि भगवान से मांगना भी एक कला है। कुछ लोग संकोच में मांग नहीं पाते, तो कुछ इतना मांग लेते हैं कि झोली छोटी पड़ जाती है। मंगल मेरिज गार्डन में जारी श्रीराम कथा के तीसरे दिन कथावाचक अष्टावक्र महाराज ने रामजन्म की कथा प्रसंग का वर्णन करते हुए भक्ति के उस अनूठे स्वरूप पर प्रकाश डाला है, जहां भक्त अपनी चतुराई और अटूट प्रेम से ईश्वर को ही अपना बना लेता है।

**एक वरदान और खुशियों का संसार** भक्ति मार्ग में एक प्रचलित प्रसंग का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि कैसे एक वृद्ध महिला ने अपनी बुद्धिमत्ता से महादेव को निरुत्तर कर दिया। जब उसे एक ही वरदान मांगने को कहा गया, तो उसने अपनी आंखों की रोशनी, धन-संपत्ति और वंश (नाती) को एक ही वाक्य में पिरो दिया। उसने कहाकृ ष्प्रभु, मैं सोने के कटोरे में अपने नाती को दूध पीता देखना चाहती हूं।ष इस एक मांग ने उसे दृष्टि भी दी, वैभव भी दिया और परिवार का सुख भी।

**मनु महाराज का अनूठा प्रेमरू पिता से पुत्र बनने की अभिलाषा** आध्यात्मिक चर्चा को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने रामचरितमानस के उस प्रसंग का उल्लेख किया, जहाँ मनु महाराज और सतरूपा कठिन तपस्या के बाद भगवान से वरदान मांगते हैं।



### नाबालिग बालिका को गुजरात से किया दस्तयाब

**अशोकनगर।** थाना ईसागढ की त्वरित कार्यवाही, अपहृत हुई नावलिक बालिका को गुजरात से दस्तयाव किया जाकर आरोपी को हिरासत में लिया गया है। 24 दिसंबर को फरियादी द्वारा अपनी 15 वर्षीय बहिन को घर से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा वहला फुसला कर भगा ले जाने की रिपोर्ट की थी। जिस पर से एसपी द्वारा एक टीम गठित की गई, टीम द्वारा तकनीकी संसाधनो एंव मुखविर की सूचना पर से दिनांक 28.12.2025 को गठित टीम को वापी गुजरात तरफ रवाना किया गया।

# हमारे मुख से जब भी शब्द निकले तो वह मिठास भरे हों, जीवन में मधुरता आना चाहिए: मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगावली



जिसके मुख में मिठास होती है वह हर दिल में निवास करता है यह मधुरता हमारे जीवन में आना चाहिए। यह रस हमारे जीवन में आना चाहिए, जब बोलोगे तो कैसे बोलोगे अच्छा बोलोगे मीठा बोलोगे मधुर बोलोगे क्यों ऐसी वाणी बोलिए मन का आपा खोए।

उक्त उद्गार नगर में विराजमान पूज्य मुनि श्री मेघ दत्त सागर जी महाराज ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहे। आगे कहा कि संसार मे दो तरह के लोग होते है,एक होते हैं मछली की तरह और एक होते है केकड़े की तरह है, मछली चलती है मस्ती में चली जा रही है तैरते हुए देखा होगा आपने लेकिन केकडा ऐसे होते हैं एक दूसरे की टांग पड़कर खींचते हैं तो भैया मछली की तरह बनना है जो स्वतंत्र होकर आगे कैसे बढ़ रही है, घर में इतनी संपदा कैसे आएगी जैसे कर्म तुम कर लो तुम्हारे घर में कोई दिक्कत है वह कर्म का प्रतिफल है इसलिए दूसरों की तुलना नहीं करो।

नए साल पर मुनि संघ के सानिध्य में होगे कई आयोजन

नगर में विराजमान पूज्य मुनि संघ के परम सानिध्य में नए बर्ष के उपलक्ष्य में कई आयोजन किए जाएंगे जिसमें संत निवास पर सुबह प्रभु का अभिषेक, शांतिधारा के साथ भक्तांबर विधान का आयोजन किया जाएगा जिसके बाद शाम को 48 दीपों से भक्तांबर पाठ दीप प्रज्जलित किए जाएंगे,वही नगर के सभी जिनालयों पर भगवान की आराधना की जाएगी और नव वर्ष की शुरुआत की जाएगी।

# अमले ने चंदेरी में खाद्य पदार्थों के नमूने लिए

**अशोकनगर।** नववर्ष के अवसर पर पर्यटन नगरी चंदेरी में लाखों सैलानियों के आने की संभावना को देखते हुये कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशानुसार तथा अनुविभागीय अधिकारी मनीष धनगर के मार्गदर्शन में नगरपालिका की टीम के साथ खाद्य सुरक्षा अधिकारी लीना नायक द्वारा होटलों से खाद्य पदार्थों के नमूने जांच हेतु लिये गये।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी लीना नायक द्वारा दिल्ली दरवाजे तथा धौलिया दरवाजे,बस स्टेण्ड स्थित रेस्टोरेंट एवं होटलों की जांच की गई तथा शंकर लस्सी हाउस, दिल्ली दरवाजा से मलाई बर्फी,मावा बर्फी, मावा बाटी तथा ब्लैक सॉल्ट, महाकाल रेस्टोरेंट से शक्कर की चाशनी, तथा दही एवं साहू मिष्ठान, धौलिया दरवाजा से मलाई बर्फी तथा समोसा कचैडी इत्यादि के मसाले को तैयार करने प्रयुक्त किये जाने वाले लाल मिर्च पाउडर का नमूना लिया जाकर जांच हेतु भेजा गया है। साथ ही कृष्णा भोजनालय दिल्ली दरवाजा से 8-10 किलो खराब मिठाईयां फिकवाई गई तथा शंकर लस्सी हाउस एवं महाकाल रेस्टोरंट में खुले में खाद्य सामग्री का विक्रय एवं गंदगी में नाश्ते का निर्माण किये जाने के फलस्वरूप नगर पालिका द्वारा ऑन स्पॉट 5000-5000 का जुर्माना वसूला गया। महाकाल रेस्टोरेंट के संचालक संजू रैकवार के विरूद्ध प्रचलित एडीएम न्यायालय में प्रचलित प्रकरण में हाल मे ही 50000 का जुर्माना भी अधिरोपित किया गया है।



### कलेक्टर ने किया ईवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण



**अशोकनगर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह द्वारा बुधवार को अशोकनगर तहसील परिसर स्थित ईव्हीएम वेयर हाउस का त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ईव्हीएम मशीनों के रखरखाब हेतु उपलब्ध कक्षों, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीव्ही कैमरों के संचालन व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इस अवसर पर अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# दूसरे का हिस्सा खाने वाला हो जाता है दरिद्र: आचार्य देवमुरारी



**अशोकनगर।** मोहरी धाम में कथा के सातवें दिन विश्राम के अवसर पर आचार्य देवमुरारी बापू ने कहा भगवान श्री कृष्ण ने सोलह हजार एक सौ आठ विवाह किये उसका कारण था कि जिन्होंने भगवान को मन भाव से समर्पित कर उनका पति रूप में मन भगवान ने उसको स्वीकार किया।

कथाक्रम में देवमुरारी बापू ने आगे बताया कि दत्तात्रेय जी ने अपने जीवन में 24 गुरु बनाए गुरु बनाना हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है गुरु के बिना हमारा उद्धार नहीं हो सकता गुरु तो भगवान से भी बड़े हैं तथा के अंत में सुदामा चरित्र को श्रवण कराया सुदामा चरित्र से समाज को यह सीख मिलती है कि जो दूसरे का हिस्सा खाता है वह दरिद्र हो जाता है और जीवन भर परेशान रहता है सुदामा गरीब थे भगवान श्री कृष्ण द्वारकाधीश एवं राजा थे फिर भी उन्होंने कभी सुदामा की मदद नहीं की सुदामा भगवान से मिलने के लिए गए तब उन्होंने सुदामा को सुंदर घर और भगवान पत्नी प्रदान की इसका मतलब यह है कि भगवान से हमको कुछ मांगने की जरूरत नहीं है वह सब जानते हैं और निष्कपट और समर्पित भाव होने पर भगवान हमारे सारे मनोरथ पूरा करते हैं राजा परीक्षित 7 दिन भागवत सुनें और तक्षक सर्प के डसने से उनको मोक्ष प्राप्त होता है कथा के विश्राम के अवसर पर महाप्रसादी का वितरण हुआ। इस अवसर पर डॉक्टर दीपक मिश्रा, डॉक्टर हरवीर रघुवंशी, डॉक्टर जय मंडल यादव, कथा के यजमान गजानन महाराज सनत शर्मा, सुरेश रघुवंशी, विपिन नामदेव, नमन आदि रहे मौजूद।

### 10 हजार से अधिक परिवार इस अभियान से जुड़े, कीर्ती कार्ड दिखाइए और छूट पाइए

# रेवा शक्ति अभियान ने बालिका शिक्षा को लेकर नया कीर्तिमान रचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए वैसे तो शासन स्तर पर प्रयास किए जाते हैं लेकिन प्रयासों की गति इतनी धीमी होती है कि इन प्रयासों का लाभ जरूरतमंद लोगों को नहीं मिल पाता है उन में बालिकाएं भी शामिल है लेकिन बालिकाओं को लाभ शिक्षा के क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा मिले इसके लिए अशोकनगर जिले में चलाया गया रेवा शक्ति अभियान इन बालिकाओं के लिए एक नई उम्मीद की किरण बन गया है। इसके सूत्रधार कोई और नहीं जिले के कलेक्टर आदित्य सिंह हैं उन्होंने इस अभियान को लागू कर प्रदेश और देश का ध्यान इस ओर आर्कषित किया है कि यदि बालिका शिक्षा को बढावा देना है तो योजनाओं से हटकर बालिका शिक्षा को एक नई दिशा देनी होगी। जिले में इसके सार्थक परिणाम भी सामने आए हैं और अशोकनगर जिला में संचालित सभी प्राइवेट स्कूलों में रेवा शक्ति अभियान के अंतर्गत बालिकाओं को शिक्षण संस्थानों द्वारा स्वयं प्रवेश में 100 प्रतिशत से लेकर 50 प्रतिशत छूट दी गई है।









रेवा शक्ति अभियान उन परिवारों की बालिकाओं के लिए है जिन परिवारों में बालिका एक या दो हैं। कलेक्टर आदित्य सिंह जिला अशोकनगर के नवाचार के परिणाम सार्थक रूप से सामने आए हैं। बालिका शिक्षा को बढ़ावा तो मिला ही है साथ में बालिका शिक्षा के साथ-साथ संस्थानों में भी उसका लाभ मिल रहा है आप कहीं भी जाइए रेवा मित्र कार्ड अगर आपके पास है तो आप उस रेवा मित्र कार्ड के माध्यम से होटल, रिसोर्ट, साड़ियों के साथ किराना दुकान,निजी वसों में किराए में छूट, निजी अस्पतालों के इलाज में विशेष छूट, शासकीय कार्यालयों में प्राथमिकता और जन सुनवाई में क्यूलेस आवेदन में विशेष पात्रता दी गई है।

**पोर्टल पर पंजीयन कराईए और कीर्ती कार्ड पाइए** इसके लिए पोर्टल भी बनाया गया है इस पोर्टल पर पंजीयन कराना होगा। अशोकनगर जिले में इस रेवा शक्ति अभियान के अंतर्गत 10596 परिवारों को जोड़ा गया है और परिवारों की एक-एक बालिका की अगर इस अभियान का हिस्सा बनी है तो कम से कम 10596 बालिकाओं को बालिका शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का मौका मिला है। रेवा शक्ति अभियान का मुख्य उद्देश्य बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने, घटते लिंगानुपात में वृद्धि करने और एक या दो बालिका वाले परिवारों को जन सहयोग से विशेष लाभ प्रदान करना है। मां नर्मदा नदी के नाम पर इस अभियान का शुभारंभ किया गया है।

**लिंगानुपात को बढ़ाने में भी मिल रही है मदद** कलेक्टर आदित्य सिंह ने लिंगानुपात के बारे में कहा कि भारत का लिंगानुपात 943 है मध्य प्रदेश का 931 है और अशोकनगर जिले का 887 है इस लिंगानुपात को बढ़ाने में मदद मिली है और इसमें 4 से 5 प्रतिशत का सुधार आया है। इस अभियान के अंतर्गत कीर्ति कार्ड जारी किए गए हैं। डॉटर्स क्लब की स्थापना की गई है, निजी सेवा प्रदाताओं का पंजीयन किया गया है यह सब कार्य जन सहयोग से किया जा रहा है।